Nai Dunia (Indore), 24th November 2022, Page – 05

# आइआइटी में तंत्रिका सूचना प्रसंस्करण पर सम्मेलन

**इंदौर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में बुधवार से चार दिनी तंत्रिका सूचना प्रसंस्करण विषय पर 29वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हुई। एशिया पैसिफिक न्यूरल नेटवर्क सोसायटी (एपीएनएनएस) द्वारा आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य तंत्रिका नेटवर्क में कार्य करने वाले शोधकर्ताओं, विज्ञानियों और उद्योग के बीच सक्रिय बातचीत को बढ़ावा देना है। तंत्रिका सूचना प्रसंस्करण की शुरुआत 1994 में हुई थी। हर साल अलग-अलग देशों में इसका आयोजन होता है। **-नप्र**